**Nai Dunia (Indore), 16th September 2022, Page – 09**

# उज्जैन में बनेगा खगोल विज्ञान एवं अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी केंद्र

उज्जैन (नप्र)। शहर में खगोल विज्ञान एवं अंतरिक्ष प्रौधोगिकी केंद्र स्थापित होगा। इसके लिए उच्च शिक्षा मंत्री डा. मोहन यादव ने मप्र विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद तथा देश के अन्य प्रांतों के आइआइटी से जुड़े विद्वानों से गुरुवार को महानंदा नगर स्थित तारा मंडल के सभा कक्ष में संगोष्ठी व चर्चा हुई। शिक्षा की उपयोगिता सिद्ध करने के लिए उज्जैन की विज्ञान, संस्कृति एवं प्राचीन परिकल्पना को साकार करने के लिए शहर में खगोल विज्ञान एवं अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी केंद्र बनाया जाएगा। इससे छात्र एवं अन्य कला विशेषज्ञों को रोजगार मिलेगा।